दिनांक–05.10.2023

समय–7.10एएम

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज मध्यप्रदेश दौरा, जबलपुर में 100 करोड़ रुपए से बनने वाले वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक का करेंगे शिलान्यास।
- केन–बेतवा लिंक परियोजना को केंद्र सरकार से मिली मंजूरी, इसके पूरी होने से 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में होगी सिंचाई।
- प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने से पहले मतदाता सूचियों का प्रकाशन, 5 करोड़ 60 लाख अधिक मतदाता कर सकेंगे अपने मत का प्रयोग।
- नीमच में लगेगी 10 हजार करोड़ की पम्पड हाइड्रो स्टोरेज ऊर्जा भंडारण परियोजना, चार हजार को मिलेगा रोजगार।

प्रधानमंत्री – जबलपुर दौरा

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी आज मनाई जा रही है। इसे उत्सव के रूप में मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई, 2023 में मध्य प्रदेश में शहडोल की अपनी यात्रा के दौरान की थी। इसे मूर्त रूप देने के लिए प्रधानमंत्री आज मध्य प्रदेश के जबलपुर में 'वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' का भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राज्य की सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल क्षेत्र में 12,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

वीसी – प्रशांत शर्मा

*वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' जबलपुर में 21 एकड़ क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इसमें रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊंची प्रतिमा और गोंडवाना क्षेत्र के इतिहास दर्शाने वाला संग्रहालय भी बनेगा। प्रधानमंत्री इंदौर के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे, प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अंतर्गत 128 करोड़ रुपये की इस परियोजना से 1000 से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मंडला, जबलपुर और डिंडोरी जिलों में 2,350 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई जल जीवन मिशन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और इसके साथ ही सिवनी जिले में 100 करोड़ रुपये से अधिक की जल जीवन मिशन परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं से प्रदेश के 1500 से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री राज्य में सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 4,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री 1,850 करोड़ रुपये से ज्यादा की रेल परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही श्री मोदी विजयपुर–औरैया–फूलपुर पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण करेंगे, इसके तहत 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 352 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बनाई गई है। 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से मुंबई– नागपुर – झारसुगुड़ा पाइपलाइन परियोजना के नागपुर– जबलपुर खंड की आधारशिला भी प्रधानमंत्री रखने जा रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री जबलपुर में एक नया बॉटलिंग प्लांट भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।*

केन बेतवा मंजूरी

केंद्र सरकार ने केन–बेतवा लिंक परियोजना को मंजूरी दे दी है। परियोजना पूर्ण होने से 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और लगभग 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा। 103 मेगावॉट हाइड्रो पॉवर और 27 मेगावॉट की क्षमता वाला सोलर प्लांट भी लगेगा। परियोजना में

बिजली के दो प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित हैं, जिनकी क्षमता 72 मेगावॉट है। बुंदेलखंड को बिजली, सिंचाई का पानी, पेयजल, उद्योगों के लिए जल उपलब्ध होगा। परियोजना की लागत करीब 43 हजार करोड़ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केन–बेतवा लिंक परियोजना को स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में विकास के बहुत काम हुए, लेकिन यहां की मूल आवश्यकता पानी है। केन–बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र को राहत मिलेगी। यह बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने का अभियान है।

कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कल कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश की किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए प्रतिभागी को अब साल में एक बार ही शुल्क देना होगा। निरामय योजना के तहत शासकीय कर्मचारी कार्यकर्ता, संविदा कर्मियों को आयुषमान भारत योजना से जोड़ा जाएगा। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि उज्जैन जिले की उन्हेल, बालाघाट जिले में लामटा, रायसेन में बम्होरी और सुल्तानगंज और मंदसौर जिले में कयामपुर नई तहसील गठित की जाएंगी। साथ ही छिंदवाड़ा जिले की पांढुर्णा को नया जिला बनाने का प्रस्ताव भी पारित हो गया। पीएम मित्र योजना अंतर्गत प्रदेश में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए विशेष प्रयोजन वाहन गठन संबंधी जांइन्ट वेंचर एग्रीमेंट, मेमोरेण्डम और आर्टीकल्स ऑफ एसोसिएशन प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया। कैबिनेट ने शहीद वन कर्मियों के आश्रितों को 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए की मदद दी जाएगी।

अनुराग ठाकुर बयान

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन हितैषी योजना के कारण उनकी लोकप्रियता दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण में श्री मोदी की लोकप्रियता में 78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, क्योंकि वह हमेशा अपनी बात के प्रति सच्चे रहते हैं और काम करने में विश्वास रखते हैं। मोदी सरकार की केंद्रीय योजनाएं हमेशा देश के गरीबों, खासकर महिलाओं के हित में हैं।

प्रियंका गांधी सभा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी आज धार के मोहनखेड़ा तीर्थ पहुंचेंगी। वे मोहनखेड़ा में प्रसिद्ध जैन मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे मोहनखेड़ा से तीन किलोमीटर दूर स्थित राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगी। वे आदिवासी जननायक टंट्या मामा की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगी।

मतदाता सूची प्रकाशन

प्रदेश में सामान्य मतदाताओं की संख्या अब 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार से अधिक हो गई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार और महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार से अधिक है। राज्य में 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल संवाददाता सम्मेलन में बताया कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2023 के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है। राजन ने बताया कि दो अगस्त से चार अक्टूबर के बीच 24 लाख 33 हजार 965 मतदाताओं के नाम जोड़े गए। जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के 22 लाख 36 हजार मतदाता हैं। ये पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि बाघाघाट के सोनेवानी केंद्र में सबसे कम 42 मतदाता हैं। भोपाल जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में 20 लाख 86 हजार से अधिक मतदाता हैं। गुना जिले में 9 लाख 34 हजार से अधिक, पन्ना जिले में 7 लाख 66 हजार से ज्यादा, शाजापुर जिले में 6 लाख 88 हजार और सतना जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में 16 लाख 89 हजार मतदाता शामिल हैं। रीवा जिले में 18 लाख 35 हजार मतदाताओं में 9 लाख 58 हजार पुरूष और 8 लाख 76 हजार महिला मतदाता हैं। डिंडोरी मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 5 लाख 14 हजार हो गई है।

पम्पड हाइड्रो परियोजना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नीमच जिले में 1 हजार 440 मेगावॉट की पम्पड हाइड्रो स्टोरेज ऊर्जा भंडारण परियोजना का वर्चुअली शिलान्यास किया। ग्रीनको ग्रुप द्वारा ग्राम खेमला में 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने वाली यह परियोजना जून 2025 तक कार्य आरंभ कर देगी। परियोजना की क्षमता को 1 हजार 920 मेगावॉट तक बढ़ाया जाएगा। यह भारत की सबसे बड़ी पंपयुक्त हाइड्रो स्टोरेज ऊर्जा भंडारण परियोजना होगी। परियोजना से लगभग 4 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा, साथ ही प्रदेश के हजारों लोगों के लिए कौशल उन्नयन और स्थानीय क्षेत्र के आर्थिक विकास जैसे अन्य लाभ भी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में यह पम्पड स्टोरेज परियोजना नींव का पत्थर सिद्ध होगी।

एशियन गेम्स

भारत ने 19वें एशियन गेम्स के 11वें दिन कल तीन गोल्ड जीते। वर्ल्ड एंड ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में गोल्ड जीता। वहीं, भारत के ही किशोर जेना ने रजत पर कब्जा जमाया है। भारत ने तीन गोल्ड के अलावा पांच सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत 12 मेडल जीते इन मेडल के साथ भारत के कुल मेडल 81 हो गए हैं। इनमें 18 गोल्ड, 31 सिल्वर और 32 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :—

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सतना में होने जा रहे राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में षामिल होंगे। सम्मेलन में रीवा, पन्ना, कटनी, सीधी, छतरपुर, उमरिया और मऊगंज जिलों के कृषक भी भाग ले रहे हैं।
- मुरैना जिले के पोरसा में केन्द्रीय विद्यालय और मुरैना में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन हो गया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य के लिये कटिबद्ध है। केन्द्रीय विद्यालय अम्बाह पोरसा क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कल मुरैना जिले के पोरसा तहसील मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय और मुरैना में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमिपूजन किया।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स भोपाल में कल राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम में आयुष चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक चिकित्सा अधिकारियों को मलेरिया और डेंगू बुखार की रोकथाम और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया।
- बुरहानपुर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल जिले की लाडली बहनों के खाते में 1 हजार 250 रूपए की राषि अंतरित की और 397 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- नर्मदापुरम जिले की 2 लाख 15 हजार से अधिक महिला हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री और क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर आज श्योपुर जिले के ग्राम बर्धा में नवीन रेलवे स्टेशन निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम में षामिल होंगे।

————————————